# कार्यालय सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर

पत्रांकः 351 /स0वि0प्रा0/2022–23 दिनाकः 18 मई, 2022

सेवा में,

तकनीकी सलाहाकार,
उ0प्र0 भू–सम्पदा विनियामक प्राधि0,
लखनऊ।

विषयः– उ0प्र0 भू–सम्पदा विनियामक(उ0प्र0 रेरा) में परियोजना "रूदाक्ष आवासीय योजना", जनपद सहारनपुर के आवेदन आई0डी0 नं0 **ID383166** के पंजीकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया सहारनपुर विकास प्राधिकरण द्वारा रूदाक्ष आवासीय योजना का उ0प्र0 रेरा में पंजीकरण कराने हेतु आनलाईन आवेदन किया गया था। जिस पर आपके पत्र सं0 5781/यू0 पी0 रेरा/परी0पजी0/2022–23 दिनांक 14.05.2022 के माध्यम से पंजीयन आवेदन पत्र में कमियों के सम्बन्ध में सूचना दी गयी है।

सहारनपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कमियों का निराकरण बिन्दुवार निम्नवत् कर दिया गया हैः–

1. रेरा के बैंक विवरण के प्रारूप पर तीनों खाता संख्याओं का विवरण अंकित करते हुए शपथ–पत्र प्रस्तुत है।
2. रूद्राक्ष आवासीय योजना जनपद सहारनुपर में स्थित है तथा बैंक खाते भी यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया की न्यू आवास विकास , दिल्ली रोड, सहारनपुर स्थित शाखा में ही है।
3. रूदाक्ष आवासीय योजना प्राधिकरण की स्वंय अपनी योजना है जिसके कारण उसकी स्वीकृति उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 29.01.2020 को प्रदान की गयी है। जिसकी वैधता 05 वर्ष दिनांक 28.01.2025 तक है। जिसका स्वीकृत तलपट मानचित्र उ0प्र0 रेरा की साईट पर पूर्व में अपलोड किया जा चुका है। प्राधिकरण की योजना होने के कारण स्वीकृति पत्र एवं परमिट नम्बर नही दिया गया है। योजना में मात्र भूखण्ड ही सृजित/विकसित किये जाने है।
4. समस्त विकास कार्य लोक निर्माण विभाग, जल निगम एवं उ0प्र0 विद्युत निगम लि0 की स्पेशीफिकेशन के अनुसार सम्पादित कराये जायेगें।
5. इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि यह सूचना साईट पर अंकित कर दी गयी है।
6. विकास कार्यो का विवरण आवेदन पत्र में अंकित कर दिया गया है।
7. साईट पर पुनः पठनीय प्रपत्र अपलोड कर दिये गये है।
8. भू–स्वामित्व के खसरा सं0 20मि0 21मि0,24मि0 एव 25मि की खतौनी अपलोड कर दी गयी है।

अतः कृपया आपसे अनुरोध है कि सहारनपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किये जाने वाली रूदाक्ष आवासीय योजना का पंजीकरण उ0प्र0 रेरा में करते हुए उसका पंजीकरण संख्या उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

सचिव
सहारनपुर विकास प्राधिकरण
सहारनपुर।